# पंजाब में चीनी पर 5% वैट व 10% सरचार्ज

## चीनी पर वैट से राज्य को मिलेगा 100 करोड़

**बिजनेस भास्कर** ◆ चंडीगढ़

**पंजाब** सरकार ने चीनी पर 5 प्रतिशत वैट और इस पर 10 फीसदी सरचार्ज लगा दिया है। इससे प्रदेश में चीनी और महंगी हो जाएगी। बुधवार को यहां मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इसे मंजूरी दी गई। चीनी पर वैट से सरकार को100 करोड़ रुपये वार्षिक राजस्व मिलेगा। इससे पूर्व चीनी पर 5 फीसदी एंट्री टैक्स देय है। सरकार ने मोबाइल फोन व उसके पुर्जे पर वैट 12.5 से घटाकर 8 फीसदी कर दिया है। आनंदपुर साहिब से नयना देवी तक 100 करोड की लागत से पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप में रोप-वे बनाया जाएगा। इसके लिए पंजाब और हिमाचल सरकार में एमओयू होगा। इसके लिए नयना देवी और आनंदपुर साहिब रोप वे कंपनी बनाई जाएगी, जो इस प्रोजेक्ट डिजाइन, बिल्ड, फाइनांस, ओपरेट और ट्रांसफर के आधार पर या पीपीपी मॉडल के आधार पर चलाएगी।

**सरकारी जमीनें** : कैबिनेट ने खाली पड़ी सरकारी जमीन बेचने के प्लान में संशोधन किया है। सरकारी जमीन बेचकर पंजाब बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर फंड बनोगी। इसका उपयोग ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। इससे पहले इनका उपयोग केवल शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर ही खर्च किया जाता था।